प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी भोपाल
दोपहर समाचार

दिनांक 18.03.2025   समय: 2.10 PM

मुख्य चुनाव आयुक्त बैठक-मतदाता पहचान पत्र

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार आज नई दिल्ली में गृह मंत्रालय और विधायी विभाग के सचिवों और भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के साथ बैठक करेंगे। बैठक में आधार पहचान संख्या को मतदाता पहचान पत्र से से जोड़ने पर चर्चा होगी।

इस बीच निर्वाचन आयोग ने लंबे समय से चली आ रही चुनाव संबंधी चुनौतियों से निपटने के लिए कई कदम उठाए हैं। इनमें अगले तीन महीनों के भीतर डुप्लिकेट मतदाता पहचान पत्र के मुद्दे को हल करना शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, मतदान केंद्रों पर लंबी कतारों को कम करने के लिए, निर्वाचन आयोग ने यह भी घोषणा की है कि भविष्य में किसी भी मतदान केंद्र पर एक हजार दो सौ से अधिक मतदाता नहीं होंगे।

ओंकारेश्वर धाम

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश सरकार धार्मिक पर्यटन को बेहतर बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी धर्म स्थलों के प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री ने ओंकारेश्वर स्थित गौमुख घाट पर अवधूत सिद्ध महायोगी श्री दादा गुरुजी की तृतीय चरण माँ नर्मदा सेवा परिक्रमा यात्रा के समापन कार्यक्रम में भी हिस्सा लिया।

करीला मेला

अशोकनगर में करीला मेला शुरू हो गया है । इसमें लगभग 20 लाख श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। प्रशासन द्वारा पुख्ता इंतेजामत किए गए हैं।

नीरज शुक्ला

रमजान रोज़ा

रमजान का मुकद्दस महीना जारी है। लोग रोजा रखकर इबादत करने में मशगूल है। साथ ही शाम के वक्त सामूहिक रोजा इफ्तार के कार्यक्रम भी आयोजित हो रहे हैं। मध्य प्रदेश वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ सनव्वर पटेल की अगुवाई में रोजा इफ्तार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी शामिल हुए। इस अवसर पर श्री पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत संकल्प को लेकर अल्पसंख्यक विभाग आगे बढ़ रहा है।

मौसम

प्रदेश में कल रंगपंचमी पर कई इलाकों में बारिश होने की सम्भावना है । मौसम विभाग के अनुसार भोपाल, इंदौर-उज्जैन संभाग में बादल छाए रहेंगे और बूंदाबांदी होगी, जबकि जबलपुर, ग्वालियर, चंबल, नर्मदापुरम, रीवा, सागर-शहडोल संभाग में तेज आंधी-बारिश की चेतावनी दी गयी है । पिछले 24 घंटे में पन्ना, टीकमगढ़, सतना, मैहर, सिंगरौली, दमोह, सागर, विदिशा, जबलपुर और छतरपुर जिलों में हल्की बारिश हुई। भोपाल समेत कई शहरों में पारा 3 डिग्री से ज्यादा कम हो गया है ।

समाचार संक्षेप में...

धार जिला सहकारी केंद्रीय बैंक का 100 वाँ स्थापना दिवस होने पर बैंक मुख्यालय परिसर में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बैंक प्रशासक एवं उपायुक्त सहकारिता वर्षा श्रीवास सहित समस्त कर्मचारी उपस्थित थे ।

- बालाघाट जिले में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय की छात्रा सुष्मिता मरकाम द्वारा निर्मित और राष्ट्रपति भवन के अमृत उद्यान में प्रदर्शित गोंड शैली के चित्र को 11 हजार 500 रुपये का नकद पुरस्कार प्राप्त हुआ है ।

- शिवपुरी जिले में समर्थन मूल्य पर चना, मसूर एवं सरसों उपार्जन के लिए किसानों के 21 मार्च तक पंजीयन किए जा रहे हैं।

- जबलपुर में 25 मार्च से शहीद स्मारक में पुस्तक मेले का आयोजन किया जाएगा।

- नर्मदापुरम जिले के आरी में गेहूं के खेत में आग लगने से करीब 6 एकड़ में लगी 2 लाख रुपये से अधिक कीमत की गेहूं की फसल जल गई.